कृपया प्रकाशनार्थ **10 अक्टूबर 2011**

दिपावली के लिए सरकार रियायत में शक्कर, तेल दें : राम नाईक

मुंबई,सोमवारः ''महंगाई के मार से पीडित जनता को राशन के दुकान पर दिवाली के अवसर पर सरकार ने रियायती दर में शक्कर, तेल, सूजी नहीं दिया तो दिवाली मनाना संभव नही है. वैसे भी त्यौहारों के दिनों में हर वर्ष ज्यादा शक्कर, अनाज राशन दुकानों पर मिलता है. मगर इस वर्ष महाराष्ट्र सरकार ने इसकी घोषणा तक नही की है. यह सरकार मानती है कि हर दिन रु. 32/- से ज्यादा याने हर महिने एक हजार कमानेवाला गरीब नही हो सकता, आम आदमी की हालत का मजाक बना दिया है. ऐसे में आम आदमी दिवाली मनाएं तो कैसे मनाएं?'' ऐसा सवाल पूर्व पेट्रोलियम मंत्री श्री. राम नाईक ने किया है. भाजपा उत्तर मुंबई अल्पसंख्यक मोर्चाद्वारा मालवणी में रविवार को आयोजित 'महंगाई विरोधी सभा' में श्री. नाईक बोल रहे थे.

''कांग्रेस सरकार के निकम्मेपन के कारण महंगाई से जनता परेशान है. कांग्रेस का शासन ऐसा कि यहाँ हवाई जहाज का इंधन मोटर गाडी का पेट्रोल प्रतिलिटर रु. 13.47 से सस्ता है. समय आया है कि इस कमरतोड महंगाई का जनता मुँहतोड जवाब दें'', ऐसा भी श्री. नाईक ने इस समय कहा.

भाजपा मुंबई के पूर्वअध्यक्ष व विधायक श्री. गोपाळ शेट्टी ने कहा कि एक ओर महंगाई तो आसमान छू रही है तो दुसरी ओर भ्रष्टाचार भी सभी हदें पार कर चूका है. कांग्रेसी पार्षद तो गरीबों से झोपडी की मरम्मत के लिए भी दलाली वसूल कर रहे है. भाजपा महाराष्ट्र अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष श्री. हैदर आजम भी इस सभा में उपस्थित थे. उन्होंने अपने अल्पसंख्यक भाई-बहनों से स्पष्ट रुप में कहा कि कांग्रेस ही उनकी दुर्दशा को जिम्मेदार है और जरुरी है कि अल्पसंख्यक समाज किसी बहकावे में न आते हुए इस परिस्थिती को बदले. सभा के निमंत्रक व भाजपा उत्तर मुंबई अल्पसंख्यक मोर्चा के अध्यक्ष श्री. जाहिद खान ने तो कसम ली कि महंगाई को जिम्मेदार कांग्रेस का पार्षद अब वह मालवणी में जीतने नही देंगे.

भाजपा के अन्य स्थानिक नेता सर्वश्री जयप्रकाश ठाकुर, इफ्तेखार हुसैन, योगेश वर्मा, राजेश सिंह, दिनेश जैन, इकबाल अंजुम, आजम मनिहार आदि के साथ - साथ सैंकडों नागरिक महंगाई का विरोध करने के लिए सभा में शामील हुए थे. कई अल्पसंख्यकों ने इस समय भाजपा में प्रवेश किया.

(कार्यालय मंत्री)